Amar Ujala   Edition Delhi
2.2.2017 Page 13
Height 18.52cm Width 10.89 cm

आधार पे प्रणाली की शुरूआत जल्द

दूर-दराज के इलाकों पर रहेगा फोकस

नई दिल्ली। वित्त मंत्री अरुण जेटली ने बजट पेश करते हुए कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था से भ्रष्टाचार और काला धन खत्म हो जाएगा। सरकार जल्द ही आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम शुरू करने जा रही है ताकि दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों के बीच डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा मिले। जिनके पास डेबिट कार्ड, मोबाइल वालेट या मोबाइल फोन नहीं हैं उनके लिए यह स्कीम खासी फायदेमंद होगी।

डिजिटल इकॉनॉमी सरकार की योजना का एक अभिन्न हिस्सा है और इसका काफी बड़ा असर होगा। डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने से अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा औपचारिक हो जाएगा और वित्तीय प्रणाली, बजट सिस्टम में समाहित हो जाएगी।

शिकायतों के लिए निवारण तंत्र : डिजिटल भुगतान से जुड़ी शिकायतों के निवारण तंत्रों को सुदृढ़ करने के लिए डाकघरों, उचित मूल्य की दुकानों और बैंकिंग कोरस्पोंडेंट के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

वित्त मंत्री ने आश्वासन दिया कि है कि सरकार डिजिटल लेनदेन पर मुख्यमंत्रियों की समिति की अंतरिम सिफारिशों को शीघ्र ही कार्यान्वित करने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ बातचीत कर इस पर कार्य करेगी। एजेंसी

- डेबिट कार्ड, मोबाइल वालेट मोबाइल न रखने वाले कर सकेंगे इस्तेमाल